अध्याय-14

वन अनुसंधान केन्द्र, हैदराबाद

वन अनुसंधान केन्द्र, हैदराबाद ने काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बंगलौर के प्रशासनिक नियंत्रण में जून, 1997 में कार्य शुरू किया। राज्य वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए 40 हैक्टेयर भूखण्ड पर अनुसंधान केन्द्र के लिए भवन एवं कर्मचारी आवास के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

केन्द्र के उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- सामाजिक रूप से सम्बद्ध बहुउद्देशीय वानिकी प्रजातियों पर वृक्ष सुधार अध्ययन करना। बीज उत्पादन क्षेत्रों की पहचान, बीजोद्यानों की स्थापना करना।
- ऊतेक संवर्धन और प्रवर्ध्यों के बहुमात्र प्रवर्धन सहित उपर्युक्त के लिए प्रौद्योगिकीय रूप से उच्चीकृत सुविधाएं स्थापित करना। जैव-प्रौद्योगिकी, ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला और प्रवर्ध्यों का बहुमात्र प्रवर्धन।
- वन उत्पादकता सुधारने के लिए चयनित बहुउद्देशीय वृक्ष प्रजातियों की मॉडल पौधशाला, क्लोनीय एवं पौध बीजोद्यानों, जननद्रव्य बैंक, उद्गमस्थल परीक्षणों की स्थापना करना।
- कृषि वानिकी मॉडलों में अनुसंधान एवं प्रदर्शन।
- पूर्वी घाटों की जैव-विविधता का अध्ययन करना। पारि-विक्षोभ और पुनर्वास का प्रभाव मूल्यांकन।
- अकाष्ठ वन उत्पादों, दुलर्भ संकटापन्न और संकटस्थ औषधीय पादपों और वन उत्पादों के रसायन का अध्ययन करना।

वर्ष 1999-2000 के लिए वित्तीय विवरण

I योजना			
क्र.सं.	उप-शीर्ष		व्यय (रू० लाख में)
1.	क	राजस्व व्यय 1. अनुसंधान 2. प्रशासनिक सहायता 3. अन्य ब्योरा दें (प्रयोगशाला आकस्मिकता)	 9.70 6.33 0.19
	राजस्व व्यय 'क' का योग		16.22
	ख	ऋण और अग्रिम (i) ऋण अग्रिम (वाहन) (ii) गृह निर्माण अग्रिम	 0.0 2.25
	'ख' का योग		2.25
	ग	पूंजीगत व्यय (i) भवन व सड़कें (ii) उपकरण, पुस्तकालय पुस्तकें (iii) वाहन (iv) अन्य विवरण दें	 0.0 0.0 0.0 0.0
	'ग' का योग		0.0
	क+ख+ग (योजना) का कुल योग		18.47
II गैर-योजना			
1.	क	राजस्व व्यय (i) अनुसंधान (ii) प्रशासनिक सहायता (वेतन)	 0.0 0.0
	कुल योग गैर-योजना		0.0
	योजना+गैर-योजना का योग		18.47
III निधीयित परियोजना			
	क.	विश्व बैंक परियोजना	63.91
	ख.	यू.एन.डी.पी. परियोजना	0.0
	ग.	नाबार्ड परियोजना	0.0
	घ.	फार्टिप	0.0
	ङ	अन्य ब्योरा दें	0.0
	(क+ख+ग+घं+ङ) निधीयित परियोजना का कुल योग		63.91